# अधिकार, ज़िम्मेदारियाँ और संसाधन

## एक किराएदार के रूप में

किरायेदारों के लिए स्थानीय, राज्य की और संघीय सुरक्षा मौजूद हैं।
**SA.gov/TenantsRights** पर अधिक जानकारी पाएँ या नीचे दिए गए **QR** कोड को स्कैन करें।

| किरायेदारों के अधिकार | स्पष्टीकरण | कानूनी संरक्षण | संपर्क |
|---|---|---|---|
| **घर खाली करने का**<br>**यदि मुझे किराए का भुगतान न करने पर घर खाली करने का नोटिस मिलता है तो मैं क्या करूँ?** | जब आपके किराये के घर का प्रदाता आपको घर खाली करने का नोटिस देता है तो आपको तुरंत अपना घर खाली करने की आवश्यकता नहीं होती है। जब तक आपको बेदखल नहीं किया जाता तब तक आपको घर छोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी।<br><br>आपको निम्न काम करने चाहिए:<br>**1)** एक पुनर्भुगतान समझौता योजना शुरू करने के बारे में अपने किराये के घर के प्रदाता से बात करें।<br>**2)** रेंटल असिस्टेंस (किराये की सहायता) वाले प्रोग्रामों की तलाश करें।<br>**3)** अपना पक्ष रखने के लिए अपनी निष्कासन की सुनवाई में भाग लेने की योजना बनाएं। यदि आप सुनवाई में भाग नहीं लेंगे, तो आप स्वचालित रूप से अपना केस हार जाएंगे।<br><br>आपके किराये के घर के प्रदाता को उनके द्वारा घर खाली करने या किराए का भुगतान न करने का नोटिस जारी करने के 1 दिन के भीतर आपको किरायेदारों के अधिकारों के नोटिस की एक कॉपी प्रदान करनी होगी। | **किरायेदारों के अधिकारों का नोटिस शहर का अध्यादेश।** | कोड एन्फोर्समेंट- सैन एंटोनियो शहर का विकास सेवा विभाग; **311** या 210-207-6000 पर कॉल करें। |
| **लीज़**<br>**यदि मैं अपने लीज़ समझौते की एक कॉपी मांगता हूँ, तो क्या मेरे किराये के घर का प्रदाता इसे मुझे देने के लिए जिम्मेदार है?** | हाँ, यदि आप अनुरोध करते हैं, तो आपके किराये के घर का प्रदाता आपको लीज़ की एक कॉपी देने के लिए ज़िम्मेदार है, जिसमें वे लीज़ भी शामिल हैं जिनका नवीनीकरण किया गया है। आपकी लीज़ पर आपके आवास के नियम और शर्तें लिखी होनी चाहिए। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने रिकॉर्ड की एक कॉपी अपने पास रखें। | **टेक्सास संपत्ति कोड धारा 92.024।** | मदद के लिए पहले अपने किराये के घर के प्रदाता या संपत्ति प्रबंधक से बात करें।<br><br>निष्कासन प्रक्रिया से संबंधित कानूनी सहायता के लिए, आप टेक्सास रियोग्रांडे (Texas RioGrande) कानूनी सहायता से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क जानकारी: **210-212-3703** पर कॉल करें या RightToCounsel@trla.org पर ईमेल करें |
| **मरम्मत**<br>**मुझे अपने आवास में आवश्यक मरम्मत के काम कराने हैं, मुझे क्या करना चाहिए?** | टेक्सास कानून के तहत, आपके पास सुरक्षित और स्वस्थ रहने की स्थिति का अधिकार है। संपत्ति के मालिकों को शहर के संपत्ति रखरखाव कोड का पालन करना होगा और मरम्मत के अनुरोधों पर फॉलो-अप करना होगा। यदि आपके किराये के घर का प्रदाता मरम्मत का काम नहीं कर रहा, तो अपना किराया न रोकें, क्योंकि<br>ऐसा करने पर आपको निष्कासित किया जा सकता है। सुनिश्चित करें कि आप अपनी लीज़ में उल्लिखित विवरण के अनुसार ही मरम्मत के लिए अनुरोध करते हैं। प्रमाणित मेल डिलीवरी के साथ अपने लिखित मरम्मत अनुरोधों को दस्तावेज़ीकृत करें। यदि आपके किराये के घर का प्रदाता सहयोग नहीं करता, तो 311 या 210-207-6000 पर कॉल करें। | **टेक्सास संपत्ति कोड धारा 92.056 / सैन एंटोनियो संपत्ति रखरखाव कोड।** | कोड एन्फोर्समेन्ट<br>- सैन एंटोनियो शहर के विकास सेवा विभाग; **311** या 210-207-6000 पर कॉल करें।<br>कानूनी<br>सहायता के लिए आप टेक्सास रियोग्रांडे (Texas RioGrande) कानूनी सहायता से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क जानकारी: **210-212-3703** पर कॉल करें या RightToCounsel@trla.org पर ईमेल करें। |
| **भेदभाव**<br>**यदि मुझे लगता है कि मेरे किराये के घर का प्रदाता मेरे साथ भेदभाव कर रहा है तो क्या करूँ?** | आपके पास अपनी जाति, रंग, राष्ट्रीय मूल, धर्म, लिंग, पारिवारिक स्थिति, विकलांगता, यौन झुकाव, भूतपूर्व सैनिक की स्थिति, आयु या लैंगिक पहचान के आधार पर भेदभाव न किए जाने का अधिकार है। ऊपर सूचीबद्ध किसी भी कारण से आपके आवास तक या आपके आवास आवेदन तक आपकी पहुंच से इनकार नहीं किया जा सकता। | **संघीय और टेक्सास फेयर हाउसिंग एक्ट्स / सैन एंटोनियो शहर का गैर-भेदभाव अध्यादेश।** | सैन एंटोनियो शहर का फेयर हाउसिंग प्रोग्राम: **210-207-5309** पर कॉल करें। |

*जारी* »

CITY OF SAN ANTONIO TEXAS
**NEIGHBORHOOD & HOUSING SERVICES**

***SA.gov/NHSD***

यह फ़्लायर केवल शैक्षिक उद्देश्य के लिए है और इसका उपयोग कानूनी सलाह के लिए नहीं किया जा सकता।

# अधिकार, ज़िम्मेदारियाँ और संसाधन
# एक किराएदार के रूप में (जारी)

| | किरायेदारों के अधिकार | स्पष्टीकरण | कानूनी संरक्षण | संपर्क |
|---|---|---|---|---|
| प्रतिशोध | **क्या मेरे किराये के घर का प्रदाता मेरे खिलाफ कोई बदले की कार्रवाई कर सकता है?** | नहीं, आपके द्वारा लीज़, शहर के अध्यादेश, राज्य या संघीय कानून के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करने, अपने आवास की मरम्मत का अनुरोध करने, कोड उल्लंघन के बारे में शहर से शिकायत करने, किरायेदारों के संगठन का आयोजन या उसमें भाग लेने के कारण आपका मकान मालिक आपके खिलाफ कोई बदले की कार्रवाई नहीं कर सकता। बदले की कार्रवाई से अभिप्राय है निष्कासन के लिए आवेदन करना, आपको परिसर तक एक्सेस देने से इनकार करना, सेवाओं को कम करना, आपके किराए में वृद्धि करना या ऐसा कुछ करना है जो भौतिक रूप से छह महीने की अवधि के लिए आपके अधिकारों का उपयोग करने में हस्तक्षेप करता है। | **टेक्सास संपत्ति कोड धारा 92.331।** | सैन एंटोनियो शहर का परामर्श का अधिकार प्रोग्राम टेक्सास RioGrande कानूनी सहायता द्वारा प्रशासित संपर्क जानकारी: **210-212-3703** पर कॉल करें या RightToCounsel@trla.org पर ईमेल करें |
| विकलांगता | **यदि मैं किसी प्रकार से अक्षम हूँ तो मेरे किराये के घर के प्रदाता को घर में रूप-परिवर्तन या आवास के लिए कौन से अनुरोध करने की आवश्यकता है?** | यदि आप शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम हैं तो आपके पास अपने किराये के घर के प्रदाता से नियमों, नीतियों, प्रथाओं या सेवाओं के संबंध में उचित आवास प्राप्त करने का अधिकार है। | **संघीय और टेक्सास फेयर हाउसिंग एक्ट्स।** | सैन एंटोनियो **शहर** का फेयर हाउसिंग प्रोग्राम; **210-207-5309 पर कॉल करें।** |
| ज़मानत राशि | **यदि मेरे किराये के घर का प्रदाता मेरी ज़मानत राशि दबाए बैठा है, तो क्या होगा?** | आपके पास अपनी ज़मानत राशि वापस पाने का अधिकार है, सिवाय इसके कि आपने अपने किराये के घर के प्रदाता को उसके नुकसान के बदले राशि या आपकी लीज़ के अनुसार अन्य कोई पिछली राशि देनी है। आपके किराये के घर का प्रदाता घर में किसी सामान्य टूट-फूट के लिए आपकी सुरक्षा ज़मानत राशि से धन की कटौती नहीं कर सकता। आपको तस्वीरों के साथ अपार्टमेंट की स्थिति का दस्तावेजीकरण करना चाहिए। | **टेक्सास संपत्ति कोड धारा 92.103।** | सैन एंटोनियो शहर का परामर्श का अधिकार प्रोग्राम टेक्सास RioGrande कानूनी सहायता द्वारा प्रशासित। संपर्क जानकारी: **210-212-3703** पर कॉल करें या RightToCounsel@trla.org पर ईमेल करें |
| गृह वाउचर | **यदि किरायेदारी के लिए मेरा आवेदन इसलिए अस्वीकार कर दिया जाता है क्योंकि मैं आवास वाउचर का उपयोग कर रहा हूँ तो क्या होगा?** | कुछ संपत्तियां जिन्हें जून 2020 के बाद सैन एंटोनियो शहर से प्रोत्साहन मिला है, वे किसी संभावित किरायेदार को सिर्फ इसलिए अस्वीकार नहीं कर सकते क्योंकि उनके पास एक हाउसिंग वाउचर है, और किरायेदार अन्यथा योग्य है। | **हाउसिंग वाउचर प्रोत्साहन नीति।** | सैन एंटोनियो शहर; **311** या 210-207-6000 पर कॉल करें। |
| भाषा | **क्या मैं यह अनुरोध कर सकता हूँ कि मेरे किराये के घर का प्रदाता मेरी लीज़ या अन्य आवश्यक आवास दस्तावेज़ मेरी पसंदीदा भाषा में दे?** | यदि आप सार्वजनिक आवास या हाउसिंग चॉइस वाउचर कार्यक्रम जैसे किसी संघीय वित्त पोषित क्षेत्रों में आवास में रहते हैं, तो आप अपनी लीज़ सहित सभी महत्वपूर्ण आवास दस्तावेजों के अनुवाद या व्याख्या की मांग कर सकते हैं। | **नागरिक अधिकार अधिनियम का शीर्षक VI** | नागरिक अधिकारों का संघीय कार्यालय, HHS.gov/OCR. सैन एंटोनियो शहर का फेयर हाउसिंग प्रोग्राम; **210-207-5309** पर कॉल करें। |



यह फ़्लायर केवल शैक्षिक उद्देश्य के लिए है और इसका उपयोग कानूनी सलाह के लिए नहीं किया जासकता।